# राष्ट्रीय सेवा भारती

www.rashtriyasewabharati.org | विक्रम संवत - 2082, श्रावण, कृष्ण पक्ष | ई बुलेटिन मासिक: जुलाई- 2025







## हिमाचल प्रदेश में आई प्राकृतिक आपदा में "स्वयंसेवक बने सेवादूत"

हिमाचल प्रदेश में आई भीषण बाढ़ ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। सैंकड़ों परिवार बेघर हो गए हैं, कई गाँव पूरी तरह नष्ट हो गए हैं, और लोगों के पास न तो भोजन है, न वस्त्र और न ही दवाई।

स्वयंसेवकों और राष्ट्रीय सेवा भारती के सहयोग से सेवा भारती के कार्यकर्ताओं द्वारा पीड़ित परिवारों में भोजन, वस्त्र, दवाइयां और आश्रय आवश्यक सामग्री उपलब्ध करवा रहे हैं।









## श्री जगन्नाथ पुरी रथ यात्रा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं सेवा भारती की सेवा गतिविधियाँ

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी पुरी रथ यात्रा के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा उत्कल बिपन्न सहायता समिति ( सेवा भारती ) के माध्यम से सेवा कार्यों का आयोजन किया गया। कुल 9 प्रकार की सेवा गतिविधियाँ चलाई गईं, जिनका उद्घाटन भोलानाथ विद्यालय के पास प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में हुआ। इस अवसर पर पूर्वी क्षेत्र प्रचारक श्री जगदीश प्रसाद खड़ंगा, क्षेत्र संपर्क प्रमुख श्री विद्युत मुखर्जी, विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष श्री प्रफुल कुमार मिश्रा और समिति अध्यक्ष श्री अक्षय कुमार बिट उपस्थित रहे।सेवा कार्यों में घायल और बेहोश श्रद्धालुओं को अस्पताल पहुंचाना, एम्बुलेंस कॉरिडोर बनाना, स्ट्रेचर सेवा, जल वितरण, जल छिड़काव, अस्पताल सेवा, प्राथमिक उपचार, यातायात व्यवस्था और सामान्य सफाई शामिल हैं।

इन कार्यों के लिए कुल 1560 स्वयंसेवक तैनात किए गए। 2 एम्बुलेंस के लिए 20 लोग, जल वितरण के 5 स्थानों पर 25 लोग, जल छिड़काव के 10 स्प्रेयर में 40 लोग, स्ट्रेचर सेवा के लिए 80 लोग, 2 चिकित्सा केंद्रों में 200 लोग, सामान्य सफाई के लिए 200 लोग, प्राथमिक उपचार के लिए 11 लोग, यातायात सेवा में 100 लोग और एम्बुलेंस कॉरिडोर में 884 लोग नियुक्त किए गए। इसके अतिरिक्त 5 डॉक्टर और 2 फार्मासिस्ट भी सेवा में लगे रहे।

रथ यात्रा के दिन 750 भक्तों को प्राथमिक चिकित्सा दी गई। इन सेवाओं की निगरानी संघ के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं और समिति संयोजकों द्वारा की गई। ये सेवाएं बहुदा यात्रा तक जारी रहेंगी। सेवा कार्यों में विश्व हिंदू परिषद, एबीवीपी, हिंदू जागरण मंच, भारतीय मजदूर संघ और भारत विकास परिषद का भी सहयोग रहा।

| | |
|---|---|
| 19520 | शिक्षा |
| 9560 | स्वास्थ्य |
| 9392 | सामाजिक |
| 5649 | स्वावलम्बन |

## सेवा कार्यवृत्त

“ नर सेवा नारायण सेवा का मूल ध्येय लेकर समाज में वंचित, अभावग्रस्त, उपेक्षित एवं पीड़ित लोगों के सर्वांगीण विकास हेतु राष्ट्रीय सेवा भारती सतत कार्यरत है। यह नगरीय - झुग्गी झोपड़ी एवं पुनर्वास बस्तियों में समाज कल्याण कार्यक्रम जैसे नि:शुल्क चिकित्सा, नि:शुल्क शिक्षा, कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्रों के माध्यम से भी कार्यरत है। देशभर में राष्ट्रीय सेवा भारती द्वारा 44121 सेवा कार्य चलाए जा रहे हैं। ”




## दो दिवसीय वैभवश्री-अध्ययन कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग

राष्ट्रीय सेवा भारती के तत्वावधान में बिहार,झारखंड, उड़ीसा,बंगाल,असम क्षेत्र के प्रांतीय वैभवश्री-अध्ययन टोली का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 14 एवं 15 जून 2025 तक सेवा धाम,जोन्हा,रांची में आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण वर्ग का उद्घाटन राष्ट्रीय सेवा भारती के संयुक्त महासचिव श्री विजय पुराणिक जी,न्यासी श्री गुरुशरण प्रसाद जी,न्यासी श्री मनोज चटर्जी जी,श्री पद्म कुमार जी ने दीप प्रज्वलित कर किया। वैभवश्री से जुड़ी महिलाएं सामाजिक कुप्रथाओं को दूर करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। वैभवश्री सामाजिक बदलाव का एक माध्यम है। महिला आर्थिक सशक्तिकरण के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण भी आवश्यक है। प्रशिक्षण वर्ग में वैभवश्री की संकल्पना एवं संगठन की संरचना पर विस्तृत प्रकाश डाला। वर्ग में उन्होंने स्वयं सहायता समूहों को स्वरोजगार योजना से जोड़ने पर बल दिया। अपने जीवन और वैभवश्री की गतिविधियों में शामिल करने पर जोर दिया। प्रशिक्षण वर्ग के दौरान प्रतिनिधियों ने अनगड़ा प्रखंड में चल रहे कर 4 स्वयं सहायता समूह का भ्रमण किया और अनुभव प्राप्त किया। प्रशिक्षण वर्ग में मुख्य रूप से राष्ट्रीय सेवा भारती के अध्ययन प्रमुख प्रमोद कुलकर्णी,रीना सोलंकी,वैभवश्री की केंद्रीय समिति की सदस्य का मार्गदर्शन मिल रहा है।



## स्व. सूर्यनारायण राव सेवा कार्यकर्ता विकास योजना द्वितीय प्रशिक्षण वर्ग - साधना


राष्ट्रीय सेवा भारती, स्वर्गीय सूर्यनारायण राव सेवा कार्यकर्ता विकास योजना साधना वर्ग द्वितीय, विक्रम संवत 2082 ज्येष्ठ मास, शुक्ल पक्ष, दशमी -द्वादशी 5 जून 2025 से 8 जून 2025 तक संस्कृत भारती अक्षरम् बेंगलुरु में संपन्न हुआ। जहां 24 विकास यात्रियों में 6 महिला विकास यात्री और 18 पुरुष विकास यात्री ने प्रशिक्षण लिया। वर्ग में राष्ट्रीय सेवा भारती के संगठन मंत्री श्री सुधीर कुमार जी, संयुक्त महामंत्री श्री विजय पुराणिक जी, मंत्री डॉ राम कुमार जी, मंत्री श्री रामेंद्र सिंह जी, कार्यकारी निदेशक श्री विकास नामजोशी जी, सात सहयोगी कार्यकर्ता और पालक अधिकारी उपस्थित रहे।










# राष्ट्रीय सेवा साधना - आपदा प्रबंधन वार्षिक विशेषांक पुस्तक का प्रान्तों में विमोचन एवं भेंट की झलकियाँ



### प्रान्त: कर्नाटक दक्षिण

राष्ट्रीय सेवा भारती के मंत्री डॉ राम कुमार जी, सेवा भारती दक्षिण कर्नाटक के संगठन मंत्री श्री सुरेश जी और सह प्रान्त संयोजक श्री राजीव जी द्वारा कर्नाटक के माननीय राज्यपाल श्री थावरचंद गहलोत जी को राष्ट्रीय सेवा साधना “आपदा प्रबंधन” पुस्तक भेंट की गई I



### प्रान्त: जोधपुर

सेवा भारती समिति, जोधपुर प्रान्त की नागौर इकाई द्वारा जिला अध्यक्ष श्री रामकुमार भाटी जी, उपाध्यक्ष श्री नागर चंद भार्गव जी एवं जिला स्वास्थ्य आयाम प्रमुख श्री अखिलेश जी के नेतृत्व में नागौर के माननीय जिला कलेक्टर श्री अरुण कुमार पुरोहित जी एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर श्री चंपालाल जिनगर जी को "सेवा दिशा" पत्रिका एवं "राष्ट्रीय सेवा साधना - आपदा प्रबंधन" पुस्तक भेंट की गई।



### प्रान्त: मध्य भारत

'आपदा प्रबंधन' विषय पर आधारित विशेष पत्रिका का विमोचन मध्यप्रदेश के माननीय राज्यपाल महोदय के कर-कमलों द्वारा संपन्न हुआ। इस अवसर पर राज्यपाल महोदय ने सेवा भारती द्वारा समाज के विभिन्न क्षेत्रों में किए जा रहे सेवा कार्यों की प्रशंसा की और आपदा काल में सेवा भारती की सक्रिय भूमिका का विशेष उल्लेख किया।



### प्रान्त: हरियाणा

सेवा भारती हरियाणा प्रदेश की फरीदाबाद इकाई के कार्यकर्ताओं ने फरीदाबाद पुलिस आयुक्त एवं फरीदाबाद नगर निगम आयुक्त को राष्ट्रीय सेवा भारती द्वारा प्रकाशित पुस्तक ‘राष्ट्रीय सेवा साधना’ आपदा प्रबंधन विशेषांक सप्रेम भेंट किया।



### प्रान्त: पंजाब

राज्यपाल महोदय के साथ इस अनौपचारिक भेंट वार्ता में राष्ट्रीय सेवा भारती के अखिल भारतीय प्रकाशन प्रमुख श्री मूल चंद जी सोनी, अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख श्री उदय सिंह कुंतल, सेवा भारती पंजाब प्रांत संगठन मंत्री श्री संदीप जी एवं सेवा भारती चंडीगढ़ के मंत्री श्री राजकुमार जी उपस्थित रहे।



### प्रान्त: कोंकण

सेवा भारती कोकण प्रान्त ट्रस्ट के तत्वावधान में "राष्ट्रीय सेवा साधना – आपदा प्रबंधन" पुस्तक का विमोचन समारोह रविवार, 22 जून 2025 को कीर्ती एम. डुंगरसी महाविद्यालय सभागृह, दादर, मुंबई में संपन्न हुआ।




**प्रान्त: बृज**

सेवा भारती ब्रज प्रदेश के तत्वावधान सेवा बस्तियों में सेवा कार्य विस्तार एवं प्रत्येक सेवा बस्ती सेवा कार्य युक्त हो इस संकल्प पूर्ति हेतु **"सेवाभावी मातृशक्ति बैठक"** का आयोजन केन्द्रीय हिन्दी संस्थान, आगरा के अटल सभागार में आयोजित किया गया। जिसमें उपस्थित सेवाभावी बहिनों को अखिल भारतीय सहसेवा प्रमुख श्रीमान राजकुमार मटाले जी ने अपना बौद्धिक मार्गदर्शन प्रदान किया। ।




**प्रान्त: महाकोशल**

सेवा भारती महाकौशल द्वारा गंगासागर बस्ती, गढ़ा एकता चौक में निःशुल्क चिकित्सा केंद्र का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ महाकौशल के प्रान्त संघ चालक डॉ. प्रदीप दुबे जी, संघचालक श्री ग्यारसिया जी, नगर संघ चालक श्री लोकराम जी, रेडक्रॉस समिति जबलपुर के सचिव श्री आशीष दीक्षित जी, सेवा भारती महाकौशल के अध्यक्ष डॉ. संजय खन्ना जी, संगठन मंत्री श्री महेश जी, सचिव श्री अनिल शर्मा जी सहित नगर के अनेक कार्यकर्ता और लोग उपस्थित रहे।




**प्रान्त: दक्षिण बिहार**

सेवा भारती दक्षिण बिहार प्रान्त की दो दिवसीय प्रान्त वार्षिक योजना बैठक सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि श्री मंगल पांडेय जी (स्वास्थ्य मंत्री, बिहार सरकार) उपस्थित रहे। साथ ही श्री सुधीर कुमार जी (संगठन मंत्री, राष्ट्रीय सेवा भारती), श्री अंजनी जी (प्रान्त सेवा प्रमुख), श्री उमेश जी (प्रान्त प्रचारक), श्री मोहन जी (क्षेत्र कार्यवाह) तथा श्री श्राजेंद्र जी (प्रान्त कार्यवाह) सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में आगामी सेवा योजनाओं की समीक्षा व भविष्य की दिशा पर चर्चा की गई।



**प्रान्त: चित्तोड़**

सेवा भारती चिकित्सालय और भारतीय संस्कृति अभियुत्थन न्यास द्वारा मठ मादडी रोड नंबर 1 मगरी वाले बावजी में कैंप आयोजित किया गया जिसमें 120 मरीज का उपचार कर निःशुल्क दवा व जांच की गई जिसमें विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा जांच एवं इस कार्यक्रम में पंकज जी पालीवाल और हरीश जी शर्मा और इस क्षेत्र के पार्षद समाज के अध्यक्ष द्वारा सहयोग किया गया।



### प्रान्त: हरियाणा

सेवा भारती हरियाणा प्रदेश द्वारा शिक्षा एवं स्वावलंबन आयाम के अंतर्गत संचालित सेवा केन्द्रों की शिक्षिकाओं का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग करनाल, हिसार और मानेसर में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में प्रदेश के सभी सात विभागों से कुल 167 शिक्षिकाओं ने सक्रिय भागीदारी की।




### प्रान्त: महाकोशल

सेवा भारती महाकौशल द्वारा ब्रिटिश फोर्ट स्कूल, राइट टाउन, जबलपुर में किशोरी विकास प्रशिक्षण एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में किशोरियों को शारीरिक, मानसिक विकास, आत्मरक्षा और परिवार की भूमिका जैसे विषयों पर मार्गदर्शन दिया गया। भोपाल से आईं श्रीमती आभा पांडेय जी ने प्रेरणादायक विचार साझा किए। डॉ. कावेरी शाह जी ने स्वास्थ्य संबंधी प्रश्नों का समाधान किया। इस अवसर पर सेवा भारती महाकौशल के अध्यक्ष डॉ. संजय खन्ना जी, संगठन मंत्री श्री महेश सोनी जी, सचिव श्री अनिल शर्मा जी, कोषाध्यक्ष श्री अनुराग सोनी जी तथा किशोर न्याय बोर्ड जबलपुर की सदस्य श्रीमती माया पांडेय जी सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे।



### प्रान्त: जम्मू कश्मीर

सेवा भारती जम्मू कश्मीर द्वारा आयोजित उत्तर क्षेत्र छात्रावास अधीक्षक प्रशिक्षण वर्ग, त्रिकुटा यात्री निवास, वेद मंदिर, आंबफला, जम्मू में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस प्रशिक्षण वर्ग में राष्ट्रीय सेवा भारती के अखिल भारतीय संगठन मंत्री श्री सुधीर कुमार जी, अखिल भारतीय छात्रावास प्रमुख श्री जयदेव जी सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में छात्रावास व्यवस्थापन, सेवा कार्यों की रूपरेखा और संगठनात्मक दायित्वों पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया। प्रशिक्षण वर्ग का उद्देश्य छात्रावास अधीक्षकों को सेवाभावी नेतृत्व के लिए तैयार करना था।




### प्रान्त: मध्य भारत

ग्वालियर में किशोरियों एवं महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। यह शिविर 31 मई से 14 जून तक प्रतिदिन आयोजित किया जा रहा है। शिविर के पांचवें दिन प्रतिभागियों को लिप्पन आर्ट का प्रशिक्षण दिया गया। यह एक पारंपरिक भारतीय कला है, जिसमें खड़िया (मिट्टी) और कांच के टुकड़ों की सहायता से सुंदर कलात्मक चित्र तैयार किए जाते हैं। इस कला के माध्यम से दीवारों और अन्य सतहों को सजाया जाता है। प्रशिक्षण का उद्देश्य किशोरियों की रचनात्मकता को निखारना और उन्हें स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना है।




### प्रान्त: जोधपुर

सेवा भारती हनुमानगढ़ द्वारा शनिवार, 15 जून को वार्ड 58, सुरेशिया की कच्ची बस्ती स्थित ब्रह्मा मंदिर परिसर में नि:शुल्क नेत्र जांच एवं चश्मा वितरण शिविर का आयोजन किया गया। इस जनसेवा कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया और अपनी आंखों की जांच करवाई।



जोधपुर प्रान्त में अमर सागर स्थित पाक विस्थापित भील बस्ती में सेवा भारती की चल चिकित्सालय के माध्यम से 71 मरीज को चेकअप एवं निशुल्क दवाई वितरण की गई।



### प्रान्त: मध्य भारत

सेवा भारती, राजगढ़ द्वारा संचालित स्वावलंबन आयाम के अंतर्गत महिलाओं ने कटहल का स्वादिष्ट अचार तैयार किया है। इस पहल को स्थानीय लोगों ने खूब सराहा है I







### प्रान्त: केरल

कुट्टिकल आपदा में प्रभावित परिवारों के लिए देसिया सेवा भारती केरल द्वारा बनाए गए आठ घरों की चाबियों का वितरण और गृह समर्पण समारोह संपन्न हुआ। इस समारोह का उद्घाटन केरल के माननीय राज्यपाल श्री राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर जी ने किया। समारोह में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के दक्षिण प्रांत प्रचारक श्री एस. सुदर्शन जी, देसिया सेवा भारती केरलम के अध्यक्ष डॉ. रंजीत विजयहारी जी, उपाध्यक्ष और इंफोसिस के केंद्र प्रमुख श्री सुनील जोस जी, सेवा भारती कोट्टायम जिले की अध्यक्ष एडवोकेट रश्मि सारथ जी, महासचिव श्री के.जी. राजेश जी, और जिला पंचायत सदस्य एडवोकेट शॉन जॉर्ज जी सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सेवा भारती द्वारा किए गए इस पुनर्वास प्रयास ने आपदा से प्रभावित परिवारों को एक नया जीवन प्रारंभ करने का अवसर दिया है। यह सेवा कार्य समाज में सहयोग, करुणा और पुनर्निर्माण की प्रेरणा का उदाहरण है।






# राष्ट्रीय तम्बाकू निषेध दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम



## उत्तर असम प्रान्त

सेवा भारती पूर्वांचल द्वारा राष्ट्रीय तम्बाकू निषेध दिवस पर विभिन्न स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गए। जागरूकता कार्यक्रम में तम्बाकू के दुष्प्रभावों पर जानकारी दी गई और लोगों को तम्बाकू छोड़ने के लिए प्रेरित किया गया। जागरूकता कार्यक्रम में कई छात्र/ छात्राएं व स्थानीय नागरिक सम्मिलित हुए।




















# प्रान्तों में बड़े उत्साह और ऊर्जा के साथ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया - कुछ झलकियाँ



गुजरात



दक्षिण तमिलनाडु



उत्तर असम



दक्षिण तमिलनाडु



जम्मू कश्मीर



गोरक्ष



केरल



दिल्ली